सुविचार

क्रोध और अहंकार इंसान का विनाश कर देते हैं, इसलिए इन पर नियंत्रण रखें।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर
सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 33 | पंचकूला। मंगलवार, 10 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### कुनो नेशनल पार्क में ज्वाला ने पांच शावकों को जन्म दिया



नई दिल्ली, 9 मार्च। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को जानकारी दी कि नामीबियाई चीता ज्वाला ने जो तीसरी बार सफलतापूर्वक मां बनी है, कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा कि इस जन्म के साथ, भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, जो भारतीय धरती पर चीतों के 10वें सफल प्रजनन का प्रतीक है और भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक और महत्वपूर्ण सफलता है। केंद्रीय मंत्री ने इसे प्रोजेक्ट चीता के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों के समर्पित प्रयासों, कौशल और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### दिल्ली से मैनचेस्टर की इंडिगो फ्लाइट बीच रास्ते से लौटी

नई दिल्ली। दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 7 घंटे उड़ने के बाद वापस लौट आई। इंडिगो के एक अधिकारी ने बताया कि फ़्लाइट 6श्व33 ने इथियोपिया और इरिट्रिया के बॉर्डर के पास यू-टर्न लिया और अब दिल्ली वापस आ गई। अधिकारी ने बताया कि मिडिल ईस्ट में चल रही जंग की वजह से आखिरी मिनट में एयरस्पेस पर रोक लग गई। जिसके बाद पायलट को बीच रास्ते से लौटने का फैसला लेना पड़ा।

### ड्रग तस्करी केस में जमानत अर्जी खारिज

चंडीगढ़। जिला अदालत ने नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े पिछले वर्ष के मामले में गिरफ्तार नाइजीरियन नागरिक इमोरू डेमियन की नियमित जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि इस मामले में आरोपी की भूमिका अहम लग रही है और उसका ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह से संबंध दिखाई देता है। इसलिए इस समय उसे जमानत देना सही नहीं है। यह मामला 22 जुलाई 2025 को पुलिस स्टेशन साइबर सेल चंडीगढ़ में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 22 और 29 के तहत केस दर्ज किया था।

# भूखे को भोजन, प्यासे को जल – अमर्टेक्स का 'अमर प्रयास' बना मानवता की मिसाल

- कई वर्षों से प्रतिदिन निरंतर इस सेवा को चलाना समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** अमर्टेक्स उद्योग परिसर, प्लॉट नंबर 365 पंचकूला में अमर्टेक्स अमर प्रयास फाउंडेशन के माध्यम से प्रतिदिन आयोजित होने वाली लंगर सेवा के तहत आज विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने भी सेवा कार्य में भाग लिया। इस अवसर पर अमर्टेक्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अरुण ग्रोवर भी उपस्थित रहे।



लंगर सेवा के दौरान सुभाष चंद्र ने स्वयं अपने हाथों से जरूरतमंदों को भोजन और जल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि भूखे और प्यासे लोगों को भोजन और पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने अमार्टेक्स परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कई वर्षों से प्रतिदिन निरंतर इस सेवा को चलाना समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि इस सेवा की विशेषता यह है कि लंगर का वितरण स्वयं अमर्टेक्स परिवार के सदस्य अपने हाथों से करते हैं। इसके साथ ही अमर्टेक्स में कार्यरत कर्मचारी भी इस सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। यह लंगर सेवा सभी के लिए खुली रहती है और प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहां भोजन और जल ग्रहण करते हैं।

इस अवसर पर अमर्टेक्स परिवार ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना उनके लिए गर्व और संतोष का विषय है। पंचकूला और हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से समय-समय पर कई अतिथि भी यहां पहुंचकर इस सेवा में सहयोग करते हैं। यहां से भोजन ग्रहण करके जाने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी और संतोष की मुस्कान देखना ही इस सेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है।

उल्लेखनीय है कि यह ÷अमर्टेक्स अमर प्रयास फाउंडेशन÷ अमर्टेक्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अरुण ग्रोवर के पूज्य पिता स्वर्गीय.अमरनाथ ग्रोवर जी की स्मृति में शुरू किया गया था। यह सेवा अंत्योदय की भावना के तहत संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भोजन और सेवा पहुंचाना है।

अमर्टेक्स परिवार का कहना है कि यह सेवा आगे भी इसी भावना और निरंतरता के साथ जारी रहेगी।

# ईरान बोला– मजबूरी में लड़ रहे, जंग देश पर जबरन थोपी

## तुर्किये-साइप्रस और अजरबैजान पर हमले से इनकार किया

पंचकूला ऑब्जर्वर



**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि वह मजबूरी में जंग लड़ रहा है, यह उसकी पसंद नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि जंग देश पर जबरन थोपी गई है।

जब उनसे सीजफायर के लिए मध्यस्थता की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल इस तरह की बात करना गलत होगा। बघाई ने कहा कि इस समय सैन्य टकराव जारी है और ऐसे में देश की रक्षा के अलावा किसी दूसरे विषय पर चर्चा करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान ने इस जंग की शुरुआत नहीं की थी।

उनके अनुसार देश को अपनी रक्षा के लिए लड़ना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने तुर्किये, साइप्रस और अजरबैजान पर हमले से भी इनकार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह इन देशों की दिशा में ईरान की जमीन से कोई हमला शुरू नहीं किया गया। इस बीच टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं।

उन्हें बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि जब ईरान कूटनीतिक संवाद जारी रखे हुए था, उसी दौरान उस पर हमला कर दिया गया। अब ईरान के लोग एकजुट होकर अपने देश की रक्षा कर रहे हैं। अमेरिका और इजरायल के हमलों ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया है। उनके मुताबिक इन हमलों से अंतरराष्ट्रीय नियमों और व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है।

बघाई ने इसके लिए यूरोपीय देशों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, बदकिस्मती से यूरोप के देशों ने ये हालात बनाने में मदद की है। कानून के राज पर बल देने के बजाय, अमेरिका की दादागिरी और ज्यादतियों का सामना करने के बजाय, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रतिबंध फिर से लगाने पर चर्चा के बारे में बात की और उनसे सहमत हुए। इन सभी चीजों ने मिलकर अमेरिकी और इजरायल को हिम्मत दी।

### इधर, रूस ने दोहराया तेहरान के लिए अटूट समर्थन

**मास्को, 9 मार्च।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को उनके पद संभालने पर बधाई दी है। यह जानकारी क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में दी गई। आधिकारिक बयान में कहा गया कि रूस ईरान का फ्रविश्वसनीय साझेदारफ्र रहा है और आगे भी तेहरान के साथ खड़ा रहेगा। यह संदेश ऐसे समय आया है जब मध्य-पूर्व में तनाव चरम पर है और ईरान क्षेत्रीय संघर्षों के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। क्रेमलिन की वेबसाइट पर जारी संदेश में पुतिन ने कहा कि ईरान जिस कठिन दौर से गुजर रहा है, उसमें सर्वोच्च नेता का पद संभालना साहस और दृढ़ता की मांग करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाएंगे और कठिन परिस्थितियों में ईरानी जनता को एकजुट रखेंगे। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस तेहरान के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को जारी रखेगा और सहयोग बनाए रखेगा। व्लादिमीर पुतिन ने अपने बधाई संदेश में ईरान को पूरी हिम्मत से हमलों का सामना करने की सलाह दी।



संदेश के मुताबिक, फ्रअब जब ईरान हथियारों से हमला झेल रहा है, तो जिस पद पर आप हैं उसके लिए आपको बेशक बहुत हिम्मत और कुर्बानी की जरूरत होगी। मोजतबा खामेनेई को हाल ही में ईरान के शक्तिशाली धार्मिक निकाय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने देश का नया सर्वोच्च नेता चुना है। वे दिवंगत ईरानी नेता अली खामेनेई के बेटे हैं और लंबे समय से ईरान की राजनीतिक-धार्मिक व्यवस्था में प्रभावशाली माने जाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में सत्ता का यह परिवर्तन ऐसे समय हुआ है जब ईरान क्षेत्रीय संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय दबाव दोनों का सामना कर रहा है। रूस और ईरान पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक रूप से करीब आए हैं। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद मास्को और तेहरान के बीच सैन्य, ऊर्जा और कूटनीतिक सहयोग बढ़ा है।

### मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच कच्चे तेल में तेजी का असर

# सेंसेक्स 1,352 अंक लुढ़ककर बंद निवेशकों के 8 लाख करोड़ रुपए डूबे

पंचकूला ऑब्जर्वर




**मुंबई, 9 मार्च।** भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट देखने को मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,352.74 अंक या 1.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,566.16 और निफ्टी 422.40 अंक या 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,028.05 पर बंद हुआ।

बाजार में गिरावट का नेतृत्व ऑटो और बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो 4.10 प्रतिशत, निफ्टी पीएसयू बैंक 3.97 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल 2.81 प्रतिशत, निफ्टी प्राइवेट बैंक 2.78 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 2.60 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 2.39 प्रतिशत, निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.37 प्रतिशत और निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 2.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। केवल निफ्टी आईटी 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,127.85 अंक या 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,265.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 366.70 अंक या 2.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,132.20 पर था। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाले इंडिया विक्स में भी सत्र के दौरान उछाल देखा गया और यह 17.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 23.36 पर बंद हुआ।

# ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही खत्म हुई। विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा।

सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जबाव दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित किया गया।

वहीं, आज विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में



गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है। राज्यसभा में जब जयशंकर संबोधन दे रहे थे तब विपक्ष ने राज्यसभा का वॉक आउट किया। लोकसभा में उनके संबोधन के दौरान विपक्ष ने वी वॉन्ट डिस्कशन के नारे लगाए, खबू हंगामा किया।

### गोयल बोले- कांग्रेस बहस से भाग रही

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- यह बहुत बुरा है कि कांग्रेस बहस से भाग रही है। स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन के लिए कांग्रेस के कहने पर एक नोटिस एडमिट किया गया था, जिसे उन्होंने ठीक से ड्राफ्ट भी नहीं किया था। इसे ठीक किया गया और फिर एडमिट किया गया। आज की तारीख डिस्कशन के लिए सोच-विचार के बाद तय की गई थी। जब एक मोशन एडमिट हो गया और यह तय हो गया कि आज इस पर डिबेट होगी, तो वे उसी समय दूसरा मोशन ले आए।

# सिक्योरिटी गार्ड कपिल देव बने लॉटरी करोड़पति



पंचकूला ऑब्जर्वर

**जीरकपुर।** कभी-कभी किस्मत ऐसा करवट लेती है कि एक पल में इंसान की जिंदगी बदल जाती है। ऐसा ही कुछ हरियाणा के रायपुर रानी के गांव मौली निवासी कपिल देव के साथ हुआ है। पेशे से सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करने वाले कपिल देव ने मात्र 200 की मंथली पंजाब स्टेट डियर लॉटरी टिकट खरीदकर डेढ़ करोड़ रुपये का पहला इनाम जीत लिया। जानकारी के अनुसार कपिल देव ने जीरकपुर स्थित लोकेश लॉटरी एजेंसी से यह टिकट खरीदी थी। लॉटरी का परिणाम आने पर उन्हें डेढ़ करोड़ रुपये का पहला पुरस्कार मिला, जिसके बाद उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

कपिल देव तीन बच्चों के पिता हैं और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार का पालन-पोषण करते हैं। कपिल देव के पिता पंजाब एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट से रिटायर हो चुके हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण होने के बावजूद कपिल देव लगातार मेहनत करते रहे। अब लॉटरी में मिली इस बड़ी रकम ने उनकी जिंदगी में नई उम्मीद जगा दी है। वहीं जीरकपुर की लोकेश लॉटरी एजेंसी के संचालक लोकेश कुमार उर्फ लकी ने बताया कि उनकी एजेंसी से लॉटरी टिकट खरीदकर करोड़पति बनने वाले कपिल देव 30वें व्यक्ति हैं। इससे पहले उनकी एजेंसी से 29 लोग करोड़पति बन चुके हैं।

**भक्ति** — माता मनसा देवी मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

# जैसा हम कर्म करते हैं, वैसा ही हमें फल भोगना पड़ता है : शक्तिपुरी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** माता मनसा देवी मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी शक्तिपुरी जी महाराज ने ÷जिंदगी कर्मों की एक किताब है, और एक दिन सबका हिसाब होना है। जैसा हम कर्म करते हैं, वैसा ही हमें फल भोगना पड़ता है।

दुनिया में बहुत से माता-पिता ऐसे हैं जिन्हें संतान का सुख मिला है, लेकिन बहुत से माता-पिता ऐसे भी हैं जो इस सुख से वंचित हैं। इसलिए हमें अपने माता-पिता का सम्मान और सेवा अवश्य करनी चाहिए। कहा भी गया है ङ्क पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में माया और तीसरा बड़ा सुख है परिवार का साथ और संस्कार।गौ माता कोई साधारण प्राणी नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। गौ माता हमारी संस्कृति, आस्था और प्रकृति के संतुलन की प्रतीक है।




कथा अखाड़ा परिषद अध्यक्ष पूज्य रविंद्र पुरी जी महाराज की पावन सन्निधि भी इस आयोजन में हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन की आयोजक पिंकी दनोदा, धर्मपत्नी ओमप्रकाश दनोदा ने करवाया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर कथा श्रवण करने और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ लेने का आह्वान किया है।



यह कथा 14 मार्च तक चलेगी। इस अवसर पर हरियाणा सेन सभा पंचकूला के प्रधान राजवीर सिंह पवार, सुनीता देवी, रामकुमार काकरान, जय भगवान, सूबेदार ईश्वर सिंह, धर्मवीर चौहान, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष नरेश कुमार सेन, सीमा देवी, संतोष देवी, सेक्टर-11 पंचकूला की पूजा इसरा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अमृतसर में नौ किलोग्राम हेरोइन के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर, 09 मार्च।** पंजाब में अमृतसर काउंटर इंटेलिजेंस ने सोमवार को एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से नौ किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अमृतसर के गांव गिलन वाली निवासी रणजीत सिंह उर्फ राणा के रूप में हुई है।

नशीला पदार्थ बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उसकी हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है, जिसका इस्तेमाल वह ड्रग्स की खेप पहुंचाने के लिए करता था। यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित एक तस्कर के संपर्क में था और अपने अन्य साथियों की मदद से वह अमृतसर के गांव घोनेवाला के इलाके से ड्रोनों के जरिए सीमा पार से भेजी गयी हेरोइन की खेप इकट्ठा करता था। यादव ने बताया कि एक विश्वसनीय सूचना पर कि संदिग्ध रणजीत को हेरोइन की एक खेप मिली है और वह इसे अमृतसर-रामदास रोड के पास अड्डा गांव अनियतपुरा के आसपास किसी अन्य पार्टी को सौंपने वाला है।

# सरकार 'ड्रग मनी' से बड़ी संपत्तियां नहीं बनने देगी: चीमा

- भगवंत मान सरकार ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के दौरान नशों की सप्लाई चेन तोड़ी, 3,173 सप्लायर और 429 बड़े तस्कर गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 9 मार्च।** पंजाब विधानसभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से बयान देते हुए पंजाब सरकार की नशा तस्करी के खिलाफ की गई व्यापक और सख्त कार्रवाई की जानकारी दी। पायल के विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा द्वारा उठाए गए एक प्रश्न के उत्तर में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पिछले एक वर्ष से चल रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया।

वित्त मंत्री ने बताया कि 1 मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक 'आप' सरकार ने सख्त कानून लागू करने, सामुदायिक भागीदारी और रोकथाम संबंधी गतिविधियों के माध्यम से नशे के कारोबार पर बड़ी चोट की है। इस अवधि के दौरान पंजाब पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत 36,178 एफआईआर दर्ज कीं और 47,902 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आप सरकार द्वारा नशों की पूरी सप्लाई चेन तोड़ने के प्रयासों का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि कुल 3,173 ड्रग सप्लायर और डिस्ट्रीब्यूटरों के साथ-साथ 429 बड़े तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने इस अवधि में 2,276 किलोग्राम हेरोइन, 29 टन भुक्की, 686 किलोग्राम अफीम और 786 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इसके अलावा 68 किलोग्राम चरस, 4 किलोग्राम कोकीन, 36 किलोग्राम आईसीई और 49 लाख से अधिक नशीली गोलियां व कैप्सूल भी जब्त किए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब पुलिस ने 285 ड्रोन भी बरामद किए हैं, जिनके माध्यम से तस्करी की जा रही 338 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। इस कार्रवाई से सीमा पार से होने वाली नशों की सप्लाई के एक बड़े स्रोत पर प्रभावी रोक लगी है।

### आप सरकार पंजाब में 'ड्रग मनी' से बड़ी संपत्तियां नहीं बनने देगी

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से बयान देते हुए पंजाब सरकार की नशा तस्करी के खिलाफ की गई व्यापक और सख्त कार्रवाई की जानकारी दी। पायल के विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा द्वारा उठाए गए एक प्रश्न के उत्तर में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पिछले एक वर्ष से चल रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया। वित्त मंत्री ने बताया कि 1 मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक 'आप' सरकार ने सख्त कानून लागू करने, सामुदायिक भागीदारी और रोकथाम संबंधी गतिविधियों के माध्यम से नशे के कारोबार पर बड़ी चोट की है। इस अवधि के दौरान पंजाब पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत 36,178 एफआईआर दर्ज कीं और 47,902 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आप सरकार द्वारा नशों की पूरी सप्लाई चेन तोड़ने के प्रयासों का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि कुल 3,173 ड्रग सप्लायर और डिस्ट्रीब्यूटरों के साथ-साथ 429 बड़े तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने इस अवधि में 2,276 किलोग्राम हेरोइन, 29 टन भुक्की, 686 किलोग्राम अफीम और 786 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इसके अलावा 68 किलोग्राम चरस, 4 किलोग्राम कोकीन, 36 किलोग्राम आईसीई और 49 लाख से अधिक नशीली गोलियां व कैप्सूल भी जब्त किए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब पुलिस ने 285 ड्रोन भी बरामद किए हैं, जिनके माध्यम से तस्करी की जा रही 338 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। इस कार्रवाई से सीमा पार से होने वाली नशों की सप्लाई के एक बड़े स्रोत पर प्रभावी रोक लगी है। ड्रग नेटवर्क के खिलाफ वित्तीय कार्रवाई के बारे में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने इन कार्टेल की आर्थिक जड़ों पर भी प्रहार किया है। पंजाब पुलिस ने अब तक 17 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की है।

#### अब तक नशा तस्करों से जुड़ी 323 अवैध संपत्तियां की ध्वस्त

वित्त मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार नशे से अर्जित धन के जरिए राज्य में बड़ी-बड़ी संपत्तियां खड़ी करने की अनुमति नहीं देगी। इस दिशा में सख्त कार्रवाई करते हुए अब तक नशा तस्करों से जुड़ी 323 अवैध रूप से निर्मित संपत्तियों को ध्वस्त किया जा चुका है। इसके साथ ही 569 नशा तस्करों से संबंधित 241 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति को भी जब्त कर लिया गया है। नशों के खात्मे के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम केवल पुलिस की कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पंजाब के परिवारों को नशे के खतरे से बचाने और राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## मान सरकार का बजट पंजाब की आर्थिक तबाही का 'काला दस्तावेज' है : सिद्धू

**मोहाली, 09 मार्च।** पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलबीर सिंह सिद्धू ने सोमवार को पंजाब सरकार द्वारा हाल ही में पेश किये गये बजट की कड़ी निंदा की है और इसे पंजाब की आर्थिक तबाही का 'काला दस्तावेज' करार दिया है।

यहां जारी एक प्रेस बयान में श्री सिद्धू ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से भ्रामक है, लुभावनी घोषणाओं से भरा है और पंजाब की जमीनी हकीकत से कोसों दूर है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने केवल आंकड़ों के हेरफेर से लोगों को धोखा देने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा कि पंजाब पर लाखों करोड़ रुपये का भारी कर्ज कम करने के लिए कोई ठोस नीति तैयार करने के बजाय, सरकार ने राज्य के कर्ज को अगले साल 31 मार्च तक 4.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने की नींव रख दी है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की दोषपूर्ण आर्थिक नीतियों, कर चोरी और भ्रष्टाचार के कारण राज्य का राजस्व बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## पंजाब यूनिवर्सिटी में सिख छात्रों के साथ हुई बदसलूकी की निंदा की

**अमृतसर, 09 मार्च।** श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने सोमवार को चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा विभिन्न सिख छात्र संगठनों से जुड़े छात्रों के साथ की गयी सख्ती और उनकी दस्तार (पगड़ी) व सिख ककारों के कथित अपमान की कड़े शब्दों में निंदा की है।

जत्थेदार गड़गज्ज ने कहा कि यदि गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के भीतर आयोजित कार्यक्रम को लेकर छात्रों को कोई आपत्ति थी, तो यह विश्वविद्यालय प्रशासन की मौलिक जिम्मेदारी थी कि वह दमनकारी कदम उठाने के बजाय उनकी चिंताओं को सुनता।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से जुड़े विवाद के बीच, पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कुछ दिन पहले मामला सुलझाने के लिए उनसे संपर्क किया था।

इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय को समाधान भी सुझाया था।

उन्होंने हालांकि आरोप लगाया कि एक गंभीर और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के बजाय, विश्वविद्यालय प्रशासन ने कथित तौर पर एक खास एजेंडे के तहत मनमानी की।

उन्होंने कहा कि प्रशासन के इस आचरण का सख्त नोटिस लिया गया है। जत्थेदार ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए छात्रों के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस की कथित कार्रवाई, जैसे उन्हें धक्का देना, सिख छात्रों की छाती पर सीधे लाठियां मारना, उनकी पगड़ी उतारना और ककारों का अनादर करना, पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

## महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक बजट: डॉ. बलजीत कौर

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब विधानसभा में पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पेश किया गया यह बजट महिलाओं के अधिकारों और समाज में उनकी स्थिति को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी निर्णय लेकर आया है।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेश किया गया यह बजट पंजाब की महिलाओं के लिए एक बड़ी सौगात है, जो उनके सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही उनकी वास्तविक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान की मजबूत नींव है।

मंत्री ने कहा कि पंजाब की धरती ने इतिहास के कई कठिन और पीड़ादायक दौर देखे हैं–चाहे वह विदेशी आक्रमणों का समय रहा हो, देश के विभाजन का दर्द, आतंकवाद का दौर या नशे की मार–हर समय सबसे अधिक पीड़ा महिलाओं ने ही झेली है। उन्होंने कहा कि भले ही इतिहास की किताबों में यह दर्द कम दर्ज हुआ हो, लेकिन पंजाब की बेटियों की पीड़ाएँ आज भी लोकगीतों और साहित्य में स्पष्ट रूप से झलकती हैं। उन्होंने पंजाब की प्रसिद्ध लेखिका अमृता प्रीतम का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से पंजाब की बेटियों के दर्द और साहस को दुनिया के सामने रखा।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि सदियों से महिलाओं ने अपने सपनों का त्याग कर परिवार और समाज की नींव को मजबूत किया है। आज भी कई गृहिणियाँ छोटी-छोटी बचतों के जरिए घरों को संभालती हैं और परिवारों को मजबूत बनाती हैं, लेकिन उनके इस अमूल्य योगदान को अक्सर उचित सम्मान नहीं मिल पाता। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान और वित्त मंत्री स.हरपाल सिंह चीमा द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री माएँ-धियाँ सत्कार योजना केवल एक योजना नहीं है, बल्कि महिलाओं के सम्मान को बहाल करने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1500 रुपये की आर्थिक सहायता देने का फैसला भी समाज के सबसे कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे ÷मेरी रसोई योजना÷ के माध्यम से लगभग 40 लाख परिवारों को भोजन सुरक्षा मिल रही है, जिससे गरीब और मजदूर परिवारों को बड़ा सहारा मिला है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यह बजट केवल महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि बुजुर्गों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, हेल्परों, आशा वर्करों, मिड-डे मील वर्करों और मजदूर वर्ग सहित समाज के हर वर्ग की भलाई को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे जन-पक्षीय निर्णय वही सरकार ले सकती है जिसका मुख्यमंत्री अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के घर की परिस्थितियों को भी समझता हो।

## अबोहर में सेम समस्या के समाधान और बागवानी विकास के लिए 27.73 करोड़ का प्रोजेक्ट शुरू: मोहिंदर भगत

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब के रक्षा सेवाएं कल्याण, स्वतंत्रता सेनानियों और बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने आज पंजाब विधान सभा के सत्र के दौरान अबोहर से विधायक संदीप जाखड़ द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में बताया कि अबोहर क्षेत्र में बागवानी के विकास और सेम की समस्या के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट प्रगति अधीन है। मंत्री ने बताया कि भूमि और जल संरक्षण विभाग, पंजाब द्वारा इस प्रोजेक्ट को अबोहर क्षेत्र में लागू किया जा रहा है। प्रोजेक्ट के पहले चरण के तहत 27 गांवों में लगभग 27.73 करोड़ रुपये की लागत से काम शुरू किया गया है, जबकि दूसरे चरण में और 15 गांवों को भी इस योजना के अधीन शामिल किया जाएगा।

मोहिंदर भगत ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से अबोहर क्षेत्र में सेम की समस्या के समाधान में बड़ी प्रगति होगी और बागवानी क्षेत्र को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को बागवानी और अन्य फसलों की खेती के माध्यम से अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे।

मंत्री श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य में बागवानी क्षेत्र को मजबूत बनाने और कृषि के सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में पानी के संरक्षण और कृषि की स्थिरता को भी बड़ा लाभ होगा।

## अधूरे वादों पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस बहस से भाग रही है: अमन अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस अपनी 'राजनीतिक तौर पर दिवालिया' होने की स्थिति छिपाने के लिए ही बहस से भाग रही है। उन्होंने विपक्षी दल के चुनाव घोषणा पत्र को जुमलों की किताब कहते हुए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियां गिनवाई।

विपक्ष के नेता (एलओपी) और अन्य कांग्रेसियों पर निशाना साधते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कहा, ÷वे खुद को विपक्ष के नेता कहलवाते हैं। हमने उनकी बात को संयम से सुना लेकिन जब हमने तथ्य पेश किए तो उन्होंने वॉकआउट कर लिया और बिल्कुल इसी तरह उन्होंने 6 मार्च को राज्यपाल के भाषण के दौरान भी किया था। विपक्ष का नेता अक्सर बिना सुने, बिना पढ़े सदन से वॉकआउट कर जाता है। वे सिर्फ पंजाब के असली मुद्दों से भागना चाहते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि उन्होंने अपने पांच साल के कार्यकाल में कुछ नहीं किया था।

कांग्रेस पार्टी के 2017 के चुनाव घोषणा पत्र को सदन में दिखाते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कांग्रेसियों को चुनौती दी कि वे इसमें से अपने पांच साल के कार्यकाल में पूरे किए गए किसी वादे के बारे में बताएं। उन्होंने कांग्रेस की घर-घर रोजगार योजना और हर बेरोजगार युवा को 2,500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने के वादे को याद करवाया। उन्होंने कहा कि पांच सालों में यह भत्ता प्रति व्यक्ति 1.5 लाख रुपये बन गया था। क्या आप मुझे पंजाब में एक भी ऐसा युवा दिखा सकते हैं जिसे आपने यह भत्ता दिया हो? उन्होंने कहा कि दूसरी ओर मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व वाली सरकार ने चार साल के कार्यकाल में युवाओं को 63,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दी हैं।

## नहरी सिंचाई विस्तार के लिए 2971 करोड़ का प्रावधान किसानों को मिलेगा पानी का लाभ: गोयल

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को अग्रगामी और किसान कल्याण पर केंद्रित बताते हुए जल स्रोत और खनन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि बजट में पेश की गई भविष्य की रूपरेखा सिंचाई सुधारों को और मजबूत करने तथा माइनिंग सेक्टर में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

बजट में पानी प्रबंधन बुनियादी ढांचे की मजबूती पर ध्यान केंद्रित करने की सराहना करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार ने तीन वर्षों के अंदर नहरी सिंचाई क्षमता को दोगुना करके एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। उन्होंने कहा कि नहरी सिंचाई के अंतर्गत क्षेत्र जो वर्ष 2022 में 2.23 मिलियन एकड़ था, अप्रैल 2026 तक बढ़कर 5.3 मिलियन एक? हो जाएगा। बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि पंजाब सरकार ने जल स्रोत क्षेत्र के लिए वर्ष 2026-27 के लिए 2971 करो? रुपये के बजट प्रावधान का प्रस्ताव रखा है, जिसमें नहरी सिंचाई का विस्तार करने और पक्के जल मार्गों तथा पाइपलाइनों के माध्यम से अंतिम सिरे तक पानी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सिंचाई ढांचे की मजबूती पर जोर दिया जाएगा। इन पहलों के माध्यम से लगभग पांच लाख हेक्टेयर तक नहरी सिंचाई सुविधा बहाल होने की उम्मीद है, जिससे नहरी सिंचाई के अंतर्गत कुल क्षेत्र 70 लाख एकड़ के निकट हो जाएगा, जो निर्धारित नहरी सिंचाई क्षेत्र का लगभग 90 प्रतिशत है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सरकार ने मालेरकोटला क्षेत्र के किसानों की सिंचाई संबंधी लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए 288 करोड़ रुपये की लागत से महोराणा डिस्ट्रीब्यूटरी की मरम्मत और मालेरकोटला माइनर का निर्माण कार्य शुरू किया है। यह प्रोजेक्ट लगभग 44,000 एकड़ क्षेत्र को कवर करते हुए 55 गांवों को पहली बार नहरी पानी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के लिए वर्ष 2026-27 में 190 करो? रुपये रखे गए हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) जिले के अर्ध-पहा?ी और पानी की कमी वाले क्षेत्र में पहली बार नहरी पानी पहुंचाने के लिए बजट में काठग? लिफ्ट स्कीम-2 की घोषणा की गई है, जिसके लिए सरकार ने 107 करो? रुपये का प्रबंध किया है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से 24 गांवों के लगभग 5,500 एक? क्षेत्र को सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए बिश्त दोआब नहर से पानी लिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल से भूमिगत पानी पर निर्भरता कम होगी और इससे काफी हद तक बिजली की बचत होने की उम्मीद है। बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि नहरों और जल स्रोतों की योजनाबद्ध सफाई, लाइनिंग और आधुनिकीकरण से सतही पानी के उपयोग में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जो अब 6.6 मिलियन एक? फुट तक पहुंच गई है और पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक ब?ी सफलता के तहत नहरी पानी पहली बार 1365 स्थानों पर पहुंचा है, जिससे उन गांवों को लाभ हुआ है जो लगभग 20 से 50 वर्षों से नहरी सिंचाई से वंचित थे।

## लोकहितैषी बजट से मजबूत होंगी जनसेवाएं, पेयजल और प्रशासनिक ढांचे को मिलेगा बड़ा बढ़ावा: मुंडियां

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन तथा जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रगतिशील, दूरदर्शी और जनहितैषी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में किए गए प्रावधानों से जहां पीने के पानी के बुनियादी ढांचे को और मज़बूती मिलेगी, वहीं पूरे राज्य में पारदर्शी शासन को भी बढ़ावा मिलेगा।

जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग की पहलों का उल्लेख करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1487 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव रखा गया है ताकि पंजाब भर में लोगों की स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच को और बेहतर बनाया जा सके तथा स्वच्छता सेवाओं में सुधार किया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार 11 बड़े नहरी जल परियोजनाओं को पूरा एवं चालू करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि 1230 गुणवत्ता-प्रभावित और पानी की कमी वाले गांवों को साफ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं लंबे समय से चली आ रही पानी की गुणवत्ता संबंधी समस्याओं का समाधान करने और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। स. हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि 125 पानी की कमी से प्रभावित बस्तियों में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुधार कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और दूषित पानी की गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए 88 यूरेनियम-प्रभावित क्षेत्रों में नए जल परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

**पंजाब औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति 2026 के सकारात्मक परिणाम आने शुरू**

## जेएल ओसवाल समूह ने पंजाब में 1,550 करोड़ निवेश का किया ऐलान: संजीव अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब के उद्योग, वाणिज्य एवं निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा स्थानीय निकाय से संबंधित कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने घोषणा की कि जेएल ओसवाल समूह अगले तीन वर्षों में पंजाब में लगभग 1,550 करोड़ का निवेश करेगा। यह निवेश पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई पंजाब औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति 2026 के बाद राज्य में तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक वातावरण में निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।

संजीव अरोड़ा ने कहा कि यह निवेश पंजाब में लगातार बेहतर हो रहे कारोबारी माहौल और राज्य सरकार द्वारा लागू की गई निवेशक-अनुकूल नीतियों में उद्योग जगत के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। जेएल ओसवाल समूह का 1,550 करोड़ का निवेश राज्य की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों और उद्योग-अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर मजबूत मुहर लगाता है।

उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति देश के सबसे व्यापक प्रोत्साहन ढांचे में से एक प्रदान करती है, जिससे निवेशक अपनी विकास योजनाओं के अनुरूप प्रोत्साहनों का चयन कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप पंजाब एक बार फिर उद्योग और नवाचार के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित निवेश डिजिटल बुनियादी ढांचे, टेक्सटाइल, औद्योगिक पार्क, आतिथ्य क्षेत्र, वस्त्र निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा, जिससे राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस निवेश से आने वाले वर्षों में लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार और विनिर्माण क्षमता के विस्तार के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 4,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

क्षेत्रवार निवेश योजना का उल्लेख करते हुए संजीव अरोड़ा ने बताया कि एस्सार रुइया समूह की तकनीकी कंपनी ब्लैक बॉक्स के सहयोग से डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगभग 500 करोड़ की लागत से एक अत्याधुनिक डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा।

इसके अलावा टेक्सटाइल उद्योग के आधुनिकीकरण के लिए स्पिनिंग और टेक्सटाइल विनिर्माण सुविधाओं के उन्नयन तथा विस्तार पर 450 करोड़ का निवेश किया जाएगा, जिससे उत्पादकता बढ़ेगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि पंजाब के विनिर्माण और सप्लाई-चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए लॉजिस्टिक पार्कों, औद्योगिक पार्कों और सहायक बुनियादी ढांचे के विकास पर 400 करोड़ खर्च किए जाएंगे। वहीं बढ़ती व्यावसायिक यात्रा और पर्यटन को समर्थन देने के लिए एक नए होटल प्रोजेक्ट के माध्यम से आतिथ्य क्षेत्र में 100 करोड़ का निवेश किया जाएगा।

## मरने के बाद फिर भारत की धरती पर जन्म लेकर मानवता की सेवा करूंगा :जतिंदर सिंह शंटी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**बरनाला।** मानवाधिकार कमिशन पंजाब एवं चंडीगढ के मैंबर पदमाश्री जतिंदर सिंह शंटी ने कहा कि अगल व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दिनरात ततपर हैं और मरने के बाद फिर भारत की धरती पर जन्म लेकर मानवता की सेवा करूंगा।

बता दें कि पदमाश्री जतिंदर शंटी को जबसे आम आदमी पार्टी के सुप्रीमों अरविंदर केजरीवाल ने मुखयमंत्री भगवंत मान की आप सरकार में मानवाधिकार कमिशन पंजाब एंव चंडीगढ का सद्स्य मननोनीत किया है, तबसे जतिंदर शंटी जी अस्पतालों, जेलों, थानों इत्यादि विभागों में औचक छापामारी कर मानवाधिकारों की राखी करने में जुटे हुए हैं, उन्होंने हर जिले में लोगों को उनके मानव अधिकारों की जानकारी के लिए समागम करने शुरू किए हुए हैं, मानवाधिकार कमिशन पंजाब एवं चंडीगढ के चेयरमैन जतिंदर शंटी ने बताया कि उन्होंने तीन महीनों में पंजाब के 23 जिलों में से 19 जिलों में समागम कर लोगों को उनके मानवाधिकारों सबंधी जागरूक कर चुके हैं।मानव अधिकार कमिशन पंजाब एवं चंडीगढ के सद्स्य जतिंदर शंटी ने बताया कि उन्होंने अब तक तीन एडवाईजरीज जारी की है, जिनकों मुखयमंत्री भगवंत मान ने हरी झंडी देकर लागू कर दिया है।

उन्होंने एडवाईजरीज सबंधी जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी सरकारी या प्राईवेट अस्पताल मृतक शरीर को या मरीज जब ठीक हो जाए,अग उनके पास अस्पताल का बिल देने के लिए रूपए न हो तो वह उनको छुट्टी देने से रोक नही सकता। उनसे शपथ पत्थर लेकर मरीज को छुट्टी देनी होगी। इसके इलावा हर अस्पताल में मोरचरी होना जरूर बनाया गया है, गांवों में फ्रीजर तहिसीलदार व एसडीएम मुहैया करवाएंगें।

# आयुष्मान योजना पर विधानसभा में हंगामा, कांग्रेस का वॉकआउट

## 38 लाख से अधिक परिवार आयुष्मान भारत/चिरायु हरियाणा योजना का लाभ ले रहे, 784 अस्पताल पैनल में शामिल : सीएम

- हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र का 10वां दिन
- सैनी के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया
- कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल को 'भालू' कहने पर सदन में हंगामा, भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जताई आपत्ति



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन सोमवार को आयुष्मान भारत योजना को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। इसी दौरान कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल को भालू कहे जाने को लेकर भी सदन में हंगामा हुआ।

आयुष्मान भारत और चिरायु हरियाणा योजना पर कांग्रेस के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य में 38 लाख से अधिक परिवार इस योजना का लाभ ले रहे हैं और 784 अस्पताल पैनल में शामिल हैं। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को भ्रामक बताते हुए कहा कि यदि किसी मरीज को इलाज नहीं मिला हो तो सरकार तुरंत कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। इस पर मुख्यमंत्री सैनी ने टिप्पणी करते हुए कहा कि विपक्ष ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तो लाता है, लेकिन जवाब सुनने से पहले ही सदन छोड़ देता है। इसी बीच कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल को भालू कहने पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी उचित नहीं है। मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि नरवाल उनके भाई जैसे हैं और पहले भी मंच से उन्हें इसी नाम से संबोधित किया जाता रहा है। सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक मामन खान ने दवा खरीद में गड़बड़ी और नूंह में बूचड़खाने के मुद्दे उठाए, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव और कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा ने सरकार का पक्ष रखा। दिनभर चली कार्यवाही के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने बताया कि साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के चौतंग नाला, सोम नदी और नकटी नदी की गाद निकालने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। वह आज सदन में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रही थीं।उन्होंने बताया कि चौतंग नाला में बुर्जी संख्या 3000 से 48000 तक गाद निकालने का अनुमान तैयार किया जा रहा है और यह कार्य 30 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं सोम नदी से गाद निकालने के लिए टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 11 फरवरी 2026 को इस काम पर रोक लगा दी। मामले की अगली सुनवाई 15 मई 2026 को तय है, इसलिए फिलहाल टेंडर रद्द कर दिए गए हैं।

मंत्री ने बताया कि नकटी नदी के कुछ हिस्सों से गाद निकालने का काम पहले ही किया जा चुका है। बाकी हिस्सों में कार्य वन भूमि से जुड़े मुद्दों के समाधान के बाद शुरू होगा। यह मामला वन विभाग के समक्ष उठाया जा चुका है और समस्या हल होने के बाद मानसून से पहले काम पूरा करने की योजना है। आदमपुर से कांग्रेस विधायक चंद्र प्रकाश ने सिंचाई परियोजना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री ने बसरा सब माइनर-2 को री-मॉडल और पुन: पक्का करने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या वर्ष 2026-27 में इस परियोजना को शुरू करने का प्रस्ताव है और इसके लिए कितना बजट निर्धारित किया गया है।

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि बाद में मुख्यमंत्री की घोषणा में कुछ बदलाव किया गया था और उसी के अनुसार प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विभाग इस पर तेजी से काम कर रहा है और उम्मीद है कि मई 2026 तक परियोजना का कार्य शुरू हो जाएगा। सिरसा से कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया ने घगतानिया खरीफ चैनल परियोजना का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण के कारण यह परियोजना अटक गई और जुलाई 2024 में मुख्य सचिव की बैठक में इसे स्थगित कर दिया गया था। सेतिया ने कहा कि तब से अब तक किसानों की जमीनों के दाम बढ़ चुके हैं, इसलिए वे पुरानी दरों पर जमीन देने को तैयार नहीं हैं। किसानों की मांग है कि खुली नहर की जगह अंडरग्राउंड नहर बनाई जाए।

भावुक अंदाज में उन्होंने कहा, मेरी यह मांग पूरी करा दो, मैं हाथ जोड़ता हूं, पांव पड़ता हूं।

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि विभाग फिलहाल नैरो चैनल बनाने के विकल्प पर काम कर रहा है। अंडरग्राउंड पाइपलाइन की भी समीक्षा की गई थी, लेकिन सिल्ट की समस्या के कारण इसे व्यवहारिक नहीं पाया गया। रतिया से कांग्रेस विधायक सरदार जरनैल सिंह ने फतेहाबाद जिले में कैंसर अस्पताल बनाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसकी बड़ी वजह जहरीला पानी है।

इस पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने स्पष्ट किया कि फिलहाल फतेहाबाद में कैंसर अस्पताल बनाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार कैंसर से लड़ने के लिए कई कदम उठा रही है और हर जिले में कैंसर डे-केयर सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

# चार दशक से फाइलों में उलझा मिल्ट्री स्कूल अब बनेगा

- झज्जर के मातनहेल में 1987 में जॉर्ज फर्नांडिस ने रखी थी आधारशिला

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा में एक बार फिर झज्जर के मातनहेल में सैनिक स्कूल की स्थाना का मुद्दा गूंजा। इस मुद्दे को झज्जर विधायक गीता भुक्कल ने सदन में उठाया। जिस पर सैनिक और अर्ध सैनिक कल्याण विभाग के मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि स्कूल की स्थापना को लेकर घोषणा हुई थी। ग्राम पंचायत मातनहेल द्वारा सैनिक स्कूल बनाने के लिए पीपीपी मोड में 60 एकड़ जमीन ट्रांसफर करने का प्रस्ताव अभी पास करना है। उधर, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गीता भुक्कल की बात का समर्थन करते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं इस विषय को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ से बात करेंगे तो काम बन जाएगा।

गीता भुक्कल के सवाल पर मंत्री राव नरबीर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि मातनहेल में सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा 1987 में चौधरी देवीलाल ने की थी। तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नाडिस ने इसकी आधारशिला भी रख दी थी। अब मिलिट्री स्कूल की जगह राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल पीपीपी मोड पर बनाने की बात चल रही है। इसे लेकर डीसी झज्जर की अध्यक्षता में मीटिंग भी हुई है। पहले मातनहेल गांव में 300 एकड़ जमीन का रेजूलेशन किया, लेकिन उसमें से 60 एकड़ छोडकर् बाकी में पीएलपीए 4-5 लग रखा था। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी पत्र लिखे। यही नहीं पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला ने एक बार और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी दो बार केंद्रीय रक्षा मंत्री को पत्र लिखा।

गीता भुक्कल ने कहा कि यह आश्वासन मिला है, पर वहां खोल जरूर दें। हरियाणा छोटा राज्य जरूर है, पर यहां सैनिकों की भर्ती भी होती है। सात सितंबर 2003 में उस समय के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नाडिस ने इसका फाउंडेशन रखा था। यह प्रस्ताव दो बार दो फरवरी 2021 और 17 फरवरी 2026 को पास किया गया। 61 एकड़ जमीन गांव मातनहेल ने निशुल्क दी। इसमें सेक्शन 4 या 5 कुछ नहीं है। बार-बार घोषणाएं होती रही और 03 मार्च 2019 को इसका ऑनलाइन शिलान्यास भी किया गया। सदन में भी इसे लेकर कई बार चर्चा हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी प्रयास किया। गीता भुक्कल ने सैनिक स्कूलों को खोलने संबंधी रूल बुक का हवाला देते हुए कहा कि डे बॉर्डिंग के लिए केवल छह एकड़, रेजीडेंस स्कूल के लिए आठ एकड़ जबकि मातनहेल ने 61 एकड़ जमीन निशुल्क देने का काम किया है इसलिए गांव की मांग है कि पीपीपी मोड पर मंजूर हो चुके मॉडल स्कूल में 10 फीसदी आरक्षण गांव के बच्चों को दाखिले में दिया जाए। साथ ही ग्रुप डी में भी 10 फीसदी आरक्षण गांव के बच्चों को दिया जाए। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मातनहेल, सालावास, छुछकवास, झज्जर और बेरी शहीदों, बहादूरों और स्वतंत्रता सेनानियों का इलाका है। इन इलाकों के परिवार का कोई न कोई फौज में है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह करते हुए कहा कि इस विषय पर एक बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से स्वयं बात करें।

## एसडीएम ने समालखा में चार नए सेक्टर बनाएं जाने को लेकर किसानों के साथ की बैठक

**समालखा.** समालखा क्षेत्र में प्रस्तावित रिहायशी विकास योजना को लेकर आज लघु सचिवालय, समालखा में स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम अमित कुमार तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने उपस्थित किसानों और ग्रामीणों को योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि समालखा क्षेत्र में लगभग 500 एकड़ भूमि पर चार नए सेक्टर विकसित करने की योजना है। इनमें से तीन सेक्टर सार्वजनिक उपयोग के लिए तथा एक सेक्टर अर्द्ध-सार्वजनिक / संस्थागत उपयोग के लिए प्रस्तावित किया गया है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस योजना के पहले चरण में समालखा क्षेत्र को शामिल किया गया है, जिसमें समालखा, पावटी, भापरा, जौरासी खालसा और किवाणा गांवों का क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। बैठक के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन भूमि मालिकों की जमीन अवैध कॉलोनियों के अंतर्गत आती है, वे भी इस योजना के तहत ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत भूमि मालिक 1 मार्च 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक ई-भूमि पोर्टल पर अपनी भूमि का प्रस्ताव दर्ज करा सकते हैं। भूमि सहमति के आधार पर पोर्टल के माध्यम से खरीदी जाएगी। लोगों को योजना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अगला कैंप 14 मार्च को पावटी गांव में आयोजित किया जाएगा, जहां किसानों और भूमि मालिकों को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# शिकायत का समाधान होने तक तकनीकी का प्रयोग कर शिकायत को ट्रैक करेगा कर्मचारी : विश्राम मीणा

**कुरुक्षेत्र.** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान होने तक एसडीएम कार्यालय पिहोवा द्वारा तकनीक का प्रयोग करते हुए रिकॉर्ड के साथ फॉलो किया जाएगा।

इसके साथ ही शिकायतकर्ता को शिकायत देने पर एक पावती पत्र भी दिया जाए। जिसके आधार पर शिकायत दोबारा आने पर शिकायतकर्ता के समाधान स्टेट्स को आसानी से चैक किया जाएगा। इतना ही नहीं अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटान करना होगा। अब हर उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर में वे स्वयं निर्धारित शेड्यूल के अनुसार लोगों की शिकायतों को सुनकर समाधान करेंगे।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को पिहोवा उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस समाधान शिविर में उपायुक्त के सामने 78 लोगों ने अपनी शिकायत व समस्याओं को रखा। इन शिकायतों में पेंशन, इनकम, परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक करवाने, बिजली, पुलिस, नगर पालिका विभाग से संबंधित रही। सभी शिकायतों को संबंधित विभाग के पास भेजकर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में दूसरे उपमंडल कार्यालय में बैठकर भी समाधान शिविर की शिकायतों को सुना जाएगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला स्तर पर लघु सचिवालय और सभी उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविरों को आयोजन किया जाता है। इन समाधान शिविरों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कोई भी नागरिक अपनी समस्या को लिखित में दे सकता है। इन समाधान शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौके पर ही नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्वयं समीक्षा भी की जाती है। ऐसे में अधिकारियों को गंभीरता के साथ समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान करना चाहिए। इस मौके पर एसडीएम अनिल दून उपस्थित थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिन नागरिकों की किसी भी कारण से पेंशन रुकी हुई है, अधिकतर की पेंशन आनी शुरू हो गई है। जिनका वेरीफिकेशन पूरा हो गया है उनकी पेंशन अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक आ जाएगा और जिनका वेरिफिकेशन बचा हुआ है, वो समाधान शिविर में आधार कार्ड, वोट कार्ड और परिवार पहचान पत्र के साथ वेरिफिकेशन करवा सकते हैं। इसी तरह जिन परिवारों की परिवार पहचान पत्र से संबंधित त्रुटियां है।

## बुजुर्ग को लिफ्ट देकर उड़ाए एक लाख, जांच शुरू

**लाडवा.** लाडवा में एक बुजुर्ग को बाइक पर लिफ्ट लेना महंगा पड़ गया। बाइक सवार युवक लिफ्ट देने के बहाने बुजुर्ग से एक लाख रुपए उड़ा ले गए जो बुजुर्ग ने बैंक से निकलवाएं थे। यह मामला सोमवार सुबह करीब 11 बजे का बताया जाता है। सोमवार को गांव घिलौर थाना रादौर निवासी बलबीर ड्क्षसह नामक बुजुर्ग ने बताया कि वह करीब 11 बजे लाडवा के पंजाब नैशनल बैंक से एक लाख रुपए अपने खाते से निकलवाकर रामकुंडी चौक की तरफ जा रहा था। पीछे से उसे दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और मेरे पास आकर बोले हमारे साथ बैठ जाओ हम रामकुड़ी चौक पर उतार देंगे। मैं उनके पीछे मोटरसाइकिल पर बैठ गया, जिन्होंने राम कुंडी चौक पर उतार दिया। जब मैने अपनी जेब चैक की तो मेरी जेब से एक लाख रुपए गायब थे। मैने तुरंत मोटरसाइकिल का पीछा किया, लेकिन वह बाजार से मोटरसाइकिल लेकर भागने में कामयाब हो गए। बुजुर्ग ने मामले की सुचना लाडवा पुलिस को दी। सुचना मिलते ही लाडवा पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा मामले की जांच शुरू कर दी। मौके पर जांच करने पहुंचे सब इंस्पेक्टर मुलचंद ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है।

**प्रदेश में नौकरियों में पूरी पारदर्शिता, सिफारिश-रिश्वत की गुंजाइश खत्म**

# सरकार किसान, गरीब, महिला व युवा उत्थान के लिए कर रही कार्य: बेदी

- 11 वर्षों में किसानों को 6601 करोड़ रुपये फसल खराबा मुआवजा दिया गया
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत करीब 9927 करोड़ रुपये वितरित किए



पंचकूला ऑब्जर्वर

**नरवाना.** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने हरियाणा सरकार को चहूंमुखी विकास और सर्वजन कल्याण की सरकार बताया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार का मुख्य विज़न किसान, गरीब, महिला और युवा उत्थान है । इन्हीं मुख्य बिंदुओं पर फोकस कर सरकार द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी चल रहे विधानसभा सत्र में विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान जनहितैषी सरकार के खिलाफ विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। उनके पास जनहित के किसी भी मुद्दा पर कोई ठोस तर्क और तथ्य नहीं है। इसलिए अपनी कमजोरी को छुपाने के लिए विपक्ष कभी अविश्वास प्रस्ताव का बहाना बना लेता है या फिर बहस के दौरान सरकार का जवाब सुनने की बजाय वाकआउट की नौटंकी करता है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि किसान की समृद्धि को महत्वपूर्ण समझते हुए सरकार द्वारा क्रांतिकारी और सरल प्रक्रिया शुरू की है । अब किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में सप्ताह भर इंतजार नहीं करना पड़ता और ना ही रकम अदायगी के लिए महीनों भर चक्कर काटने पड़ते हैं। अब किसान की फसल मोबाइल संदेश पर तुरंत खरीदी जाती है और 48 घंटे के अंदर उनके खातों में सीधा पेमेंट कर दी जाती है। इतना ही नहीं गत 11 वर्षों के दौरान किसानों को फसल खराबा के लिए 6 हजार 601 करोड रुपए की राशि फसल खराबा मुआवजा के रूप में दी जा चुकी हैं, साथ ही 9 हजार 927 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत तथा 15 हजार करोड रुपए से ज्यादा प्रधानमंत्री किसान निधि एवं अन्य मदो के अंतर्गत किसानों को अब तक आवंटित किए जा चुके हैं।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि युवा कल्याण को ध्यान में रखते हुए मौजूदा सरकार द्वारा नौकरियों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जा रही है। सिफारिश और रिश्वत की कोई गुंजाइश नहीं बची है जो अमूमन गत सरकारों के दौरान आमतौर पर चलता था। अब प्रदेश में रेहड़ी - पटरी, रिक्शा - पुलर जैसे गरीब परिवारों के युवाओं में भी सरकारी नौकरियों के प्रति आस जगी है। कैबिनेट मंत्री ने विपक्ष पर महिला कल्याण के मुद्दे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब मौजूदा राज्य सरकार ने गत वर्ष 1 नवंबर से लाडो लक्ष्मी योजना लागू की, तो विपक्ष ने योजना का स्वागत करने की बजाय बजट न होने की हास्यशब्द टिप्पणियां की, जबकि असल में बजट का प्रावधान करना सरकार का काम है । कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जमीनी सच्चाई तो यह है कि विपक्ष पूर्णतया दिशाहीन और मुद्दाहीन है। यह अपनी राजनीति को जिंदा रखने के लिए अखबारी ब्यानों तक सीमित हो चुके हैं।

## अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

**टोहाना.** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को टोहाना में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम आकाश शर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान करवाया। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि सरकार की जनहितैषी नीतियों के अनुरूप प्रशासन का प्रयास है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर शीघ्रता से किया जा सके। समाधान शिविर इसी उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े और उन्हें त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि शिविर में परिवार पहचान पत्र से संबंधित दो आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों को तुरंत संबंधित विभागों को फॉरवर्ड कर दिया गया है और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं.

## एक नजर

### चालीस खिलाड़ियों को सम्मानित किया

करनाल. एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा द्वारा खिलाड़ियों के लिए विशेष खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन अकादमी के प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें 40 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया इस मौके पर खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम चरित्र मानस स्कूल के डायरेक्टर संदीप गौतम जी व वशिष्ठ अतिथि के रूप में समाज सेवी शिवचरण सिंह मास्टर जी द्वारा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया इस मौके पर सभी खिलाड़ियों के अभिभावक गण मौजूद रहे इस सम्मान समारोह में कलर बेल्ट खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय मेडलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को खेलों के प्रति जागरूक करना है जिससे प्रेरित होकर खिलाड़ी बढ़ चढ़कर खेलों में भाग ले सके और अपने देश के लिए मेडल जीतकर अपने देश व राज्य का नाम रोशन कर सके ।

### एसडीएम ने शिविर में सुनी जनसमस्याएं

नारायणगढ़. उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिविर में लोगों ने अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखीं। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि समाधान शिविर लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इस शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार नारायणगढ़ सुनील कुमार व नायब तहसीलदार शहजादपुर अमित वर्मा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन जसवीन्द्र सिंह बख्तुआ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान शिविर में गांव लौटों की सुरेन्द्र कौर ने अपने प्लाट के आगे झुके हुए सफेदों के पेड़ कटवाने का अनुरोध किया। वहीं नारायणगढ़ के वार्ड नंबर 3 के राकेश मित्तल ने यूएलबी पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी आईडी को सही करवाने की मांग की। शिव कॉलोनी नारायणगढ़ की रीना देवी ने घर के पास लगाए गए बिजली के पोल को हटवाने का अनुरोध किया। गांव बड़ी बस्सी के रामकुमार, प्रेमचंद, रविदत्त व अमीचंद आदि ग्रामीणों ने कुरड़ियों से संबंधित समस्या रखते हुए खड्डा कुरड़ियों का कब्जा दिलवाने की मांग की। गांव सम्भालवा के प्रदीप कुमार ने परिवार पहचान पत्र अलग करवाने का अनुरोध किया, जबकि वार्ड नंबर 5 की कविता पत्नी अनिल कुमार ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने तथा बीपीएल कार्ड बनवाने की मांग रखी।

### पिछले छह दशक से सर्राफा व्यवसाय के लीडर रहे हैं कैलाश चंद्र गुप्ता

**करनाल.** करनाल के समाजसेवी, शिक्षाविद व्यवसायी कैलाश चंद्र गुप्ता करनाल ही नहीं देश की जानी मासनी संसथा श्री सनातन धर्म महाबीर दल के प्रबंधन की पिछले बीस साल से अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने प्रबंधन समिति के प्रधान के तौर पर बीस साल पूरे कर लिए हैं। उनकी अगुवाई में श्री सनातन धर्म महावीर दल चैरिटेबुल अस्पताल आज मल्टी स्पेशिलिस्ट अस्पताल के रूप में पहचान बना चुका हैं। इसे इसकी पहचान दिलाने में कैलाश चंद्र गुप्ता का अहम योगदान रहा हैं। उनका शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान रहा है। ओपीएस स्कूल ओपीएस इंटरनैशनल स्कूल जैसे संस्थान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने ओमप्रकाश अग्रवाल सर्राफ की विरासत को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा को बीच में छोड़ कर अपने पिता का व्यवसाय आगे बढ़ाया। आज ओपीएस ग्रुप देश में एक पहचान बन चुका है। उन्होंने अपने भाईयों अविनाश बंसल और प्रकाश अग्रवाल को स्थापित किया। उन्होंने नेहरू पैलेस में लगभग साठ साल पहले ओपीएस ज्यूल्स शुरू की थी। आज इसकी शाखाएं प्रदेश के विभिन्न भागों में हैं। कैलाश चंद्र गुप्ता का इंटरनैशनल स्कूल दिल्ली तथा देश के अन्य भागों में हैं। ओपीएस ग्रुप उनके मार्गदर्शन में होटल, मल्टी विजिनैस रीयल स्टेट में सफलता के साथ कदम आगे रख चुका हैं। वह सैक्टर 13 में गीता मंदिर का संचालन कर रहे हैं। उनपर स्वामी गीता नंद जी तथा उनकी शिष्या महामंडलेश्वर जी का हाथ रहा हैं। धार्मिक सामाजिक क्षेत्र में उनकी गिनती भामाशाह के रूप में होती है। उन्हें करनाल में सबसे पुराना और विशेषज्ञ सराफा व्यवसायी के साथ जानेमान जोहरी के रूप में जाना जाता हैं। वह आज भी अपनी अधिक उम्र को अपनें कामकाज पर हाबी नहीं होने देते हैं। उनकी व्यस्त दिनचर्या में से भी वह गीता मंदिर और पूजा के लिए समय निकालते हैं। धर्म के प्रति आस्था और समर्पण के कारण ही लक्ष्मी की उन पर कृपा रही है महाराजा अग्रसैन जी की मान विरासत को लगातार आगे ले जा रहे हैं।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रांतियां : रघुवीर नैन


**नरवाना.** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान को लेकर जहां सरकार और स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक करने में जुटे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इसके संबंध में कई तरह की भ्रांतियां और विरोध की बातें भी सामने आने लगी हैं। सामाजिक संगठनों ने सरकार से इस विषय पर स्पष्ट और व्यापक जानकारी देने की मांग की है। देशभर में इस टीकाकरण अभियान की शुरुआत 28 फरवरी 2026 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करना है। इस कार्यक्रम के तहत वे किशोरियां लाभार्थी हैं जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और अभी 15 वर्ष की आयु नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह टीका सुरक्षित और प्रभावी है तथा वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद ही इसे मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जो मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के संक्रमण से होता है। यह वायरस प्रजनन तंत्र को प्रभावित करता है और समय के साथ कैंसर का कारण बन सकता है। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन इस संक्रमण को रोकने में मदद करती है, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। सर्वजातीय बिनैण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर नैन ने इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस टीकाकरण को लेकर लोगों के बीच कई तरह की भ्रांतियां फैल रही हैं। कुछ जगहों पर लोगों ने बिना पूरी जानकारी के इसका विरोध भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सरकार और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है कि वे गांव स्तर पर लोगों को सही और वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराएं। रघुवीर नैन ने कहा कि कई अभिभावक इस टीके के प्रभाव, सुरक्षा और इसके भविष्य में होने वाले परिणामों को लेकर चिंतित हैं। इसलिए सरकार को चाहिए कि गांवों में स्वास्थ्य शिविर, जनसभाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से लोगों को विस्तार से जानकारी दी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या डर को दूर किया जा सके।

### युवती ने लगाई पार्क के तालाब में छलांग

**अंबाला.** अंबाला शहर के सिटी पार्क में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में पार्क के तालाब में छलांग लगा दी। घटना के बाद पार्क में मौजूद लोगों की भी? मौके पर इकट्ठा हो गई। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवानों व पुलिसकर्मी एएसआई रामपाल ने तुरंत साहस दिखाते हुए पानी में कूदकर युवती को बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए शहर के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। एएसआई रामपाल ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उन्हें पानी में किसी के कूदने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही वहां मौजूद ट्रैफिक होमगार्ड मांगेराम ने तुरंत पानी में कूदकर लड़की को डूबने से बचाने के लिए भरपूर कोशिश की। होमगार्ड कृष्ण कुमार ने अपनी पैंटो की रस्सी बनाकर उसके सहारे लड़की को बाहर निकाला युवती की उम्र करीब 18 वर्ष बताई जा रही है। युवती को तुरंत वाहन के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया।

## नसीब अपना-अपना' की चंदा का बदला लुक, नई फिल्म में दबंग किरदार से चर्चा में





वर्ष 1986 में रिलीज हुई फिल्म नसीब अपना-अपना में चंदा का भोला-भाला किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री राधिका सरथकुमार इन दिनों अपने बदले हुए लुक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में रिषी कपूर, और फराह नाज मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे, लेकिन चंदा का किरदार भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ था। अब वही अभिनेत्री अपनी नई फिल्म में बिल्कुल अलग अंदाज में दिखाई दे रही हैं। हाल ही में उनकी तमिल फिल्म थाई किजहावी रिलीज हुई है, जिसमें राधिका सरथकुमार ने पावुनुथाई नामक एक तेज-तर्रार और दबंग महिला का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक पहले की तुलना में काफी बदला हुआ नजर आ रहा है। नाक में बड़ी नथ, कानों में झुमके और सशक्त व्यक्तित्व के साथ उनका नया अंदाज दर्शकों को हैरान कर रहा है। 63 वर्ष की उम्र में भी राधिका सरथकुमार का यह अलग रूप दर्शकों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी सराहना की जा रही है और दर्शक उनके इस नए अवतार को खूब पसंद कर रहे हैं।

## टीवी के बाद अब ओटीटी पर जादू बिखेरेंगी

# रूप दुर्गापाल

### प्रकाश झा की सीरीज संकल्प से करेंगी डेब्यू



मुंबई स्वरागिनी, कुछ रंग प्यार के ऐसे भी, और बालवीर जैसे कई धारावाहिकों में काम कर घर-घर में अपनी पहचान बना चुकी अभिनेत्री रूप दुर्गापाल अब ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री जल्द ही आगामी वेब सीरीज संकल्प में नजर आएंगी। इस सीरीज में वे अभिनेता मोहम्मद जीशान अय्यूब की पत्नी माधुरी के किरदार में हैं। रूप ने अपने को-स्टार जीशान के अभिनय की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, जीशान बहुत ही शानदार अभिनेता है। एनएसडी से पढ़ाई करने और फिल्मों-वेब सीरीज में इतना अनुभव होने के कारण उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके सीन्स को देखने का नजरिया, भाषा पर अछी पकड़ और एनर्जी ने मेरे साथ के सीन को बेहतर बनाया। मैं हर दिन सेट पर उनके आने का इंतजार करती थी। अभिनेत्री ने आगे सीरीज की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि शानदार कलाकारों के साथ काम करना ही उन्हें इस प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए उत्साहित कर रहा था। अभिनेत्री ने कहा, जब सबके पास अछा काम होता है, तो सेट पर और बाहर भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नाना पाटेकर सर और प्रकाश सर के साथ काम करना एक्टिंग, फिल्म बनाने और जिंदगी के कई पहलुओं को समझने जैसा था। मेघना मलिक से भी बहुत कुछ सीखा। हम लंच और डिनर के दौरान भी खूब बातें करते थे। वे न सिर्फ बेहतरीन एक्टर हैं, बल्कि बहुत अछे इंसान भी हैं। उन्होंने आगे बताया कि सीरीज के लिए उन्हें ऑफर कैसे मिला था। उन्होंने बताया, साल 2019 तक मैंने टेलीविजन से आगे जाने के बारे में यादा नहीं सोचा था, लेकिन कोविड के दौरान सब कुछ बदल गया। लोगों को जाते देखकर मुझे एहसास हुआ कि जिंदगी बहुत छोटी है। कुछ भी कहा नहीं जा सकता। तब मैंने फैसला लिया कि अब उन चीजों को आजमाना है जिनसे पहले डर लगता था। उत्तराखंड के अल्मोड़ा की रहने वाली अभिनेत्री रूप ने सिल्वर स्क्रीन पर परफॉर्म करने के अलावा, थिएटर में भी काम किया, जो उनके लिए नया था।

उन्होंने थिएटर को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया, बिना कट, रीटेक के, महीनों रिहर्सल करके स्टेज पर परफॉर्म करना काफी अजीब था, लेकिन जिंदगी की अनिश्चितता ने मुझे हिम्मत दी। स्टेज पर खड़े होकर बिना किसी डर के परफॉर्म करना शानदार अनुभव था। इसी हिम्मत ने मुझे टीवी से आगे बढ़कर वेब सीरीज में आने की ताकत दी। अभिनेत्री का मानना है कि हर किसी का सफर अलग होता है और सब कुछ अपने सही समय पर ही होता है। उन्होंने कहा, शायद मेरा सफर ऐसा ही होना था। सालों की संख्या मायने नहीं रखती। मैं बहुत खुश हूं कि यह सब अपने आप हुआ। सीरीज का निर्देशन प्रकाश झा ने किया है। रूप ने निर्देशक की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, प्रकाश सर के साथ काम करना किसी बड़े संस्थान में पढ़ाई करने जैसा था। साथ ही काम में मजा भी आता था और यादगार पल भी बनते थे।

## रणदीप हुड्डा जल्द बनेंगे पिता, पत्नी के साथ मेटरनिटी फोटोशूट की तस्वीरें साझा



नई दिल्ली = बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा, और उनकी पत्नी लिन लैशराम जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। इस खुशखबरी से पहले दंपती ने अपना मेटरनिटी फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया खाते पर साझा की हैं। साझा की गई तस्वीरों में दोनों बेहद खुश नजर आ रहे हैं। फोटोशूट में रणदीप साधारण परिधान में दिखाई दे रहे हैं, जबकि लिन सफेद रंग की ड्रेस में नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में रणदीप पत्नी के बेबी बंप पर हाथ रखकर पोज देते दिखाई देते हैं, वहीं एक तस्वीर में दोनों एक-दूसरे को मुस्कुराते हुए देख रहे हैं। तस्वीरें सामने आने के बाद प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर दंपती को शुभकामनाएं दीं और आने वाले बच्चे के लिए बधाई संदेश भेजे। बता दें कि रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने 29 नवंबर 2023 को मणिपुरी मैतेई रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया था। दोनों की मुलाकात वर्ष 2011 में थिएटर के दौरान हुई थी और लंबे समय तक एक-दूसरे को जानने के बाद उन्होंने विवाह का फैसला लिया।



## डेब्यू फिल्म के एक दृश्य पर हुई आलोचना, अभिनेत्री को आज भी है फिल्म साइन करने का पछतावा

हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाले हर कलाकार के लिए पहली फिल्म बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। कई कलाकारों के लिए यह फिल्म उनके करियर की मजबूत शुरुआत बनती है, लेकिन कभी-कभी यही पहली फिल्म विवाद या आलोचना का कारण भी बन जाती है। ऐसा ही अनुभव बॉलीवुड अभिनेत्री Shilpa Shirodkar के साथ भी हुआ था। शिल्पा शिरोडकर की पहली फिल्म Kishen Kanhaiya थी, जो 9 मार्च 1990 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को रिलीज हुए अब 36 वर्ष पूरे हो चुके हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और उस समय की ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हुई थी। फिल्म में शिल्पा ने राधा नाम की एक सीधी-सादी गांव की लड़की की भूमिका निभाई थी। हालांकि फिल्म के एक गीत 'राधा बिना कृष्णा अकेला' के दौरान फिल्माया गया एक दृश्य काफी चर्चा में आ गया था। इस दृश्य में अभिनेत्री को झरने के नीचे सफेद और पारदर्शी साड़ी में दिखाया गया था। इस दृश्य को






देखकर दर्शकों और आलोचकों ने उनकी तुलना अभिनेत्री Mandakini से करनी शुरू कर दी, जिन्होंने Ram Teri Ganga Maili में इसी तरह का दृश्य दिया था। करियर की शुरुआत में ही इस तरह की तुलना और आलोचना का सामना करना शिल्पा शिरोडकर के लिए आसान नहीं था। बाद में उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि उस समय मिली नकारात्मक प्रतिक्रियाओं के कारण उन्हें यह फिल्म साइन करने का पछतावा भी हुआ था। हालांकि समय के साथ उन्होंने फिल्म उद्योग में अपनी अलग पहचान बनाई और कई फिल्मों में अभिनय किया। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक Rakesh Roshan ने किया था। फिल्म में ठुद्धद्य चड्ढुश्वथश्वह ने दोहरी भूमिका निभाई थी, जबकि Madhuri Dixit भी मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। बताया जाता है कि इस फिल्म के लिए शुरुआत में सुपरस्टार Amitabh Bachchan को प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम के कारण उन्होंने यह फिल्म करने से इनकार कर दिया था।

## प्यार का रूप बदलता रहता है, यह उम्र बढ़ने के साथ और भी खूबसूरत हो जाता है : सौरभ शुक्ला



मुंबई फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्में देने वाले अभिनेता और फिल्ममेकर सौरभ शुक्ला का मानना है कि उम्र के साथ प्यार कम नहीं होता, बल्कि वह और भी गहरा, खूबसूरत हो जाता है। उनकी नई फिल्म जब खुली किताब इसी विचार को केंद्र में रखकर बनी है, जिसमें एक बुजुर्ग दंपति की खुशहाल शादी की कहानी दिखाई गई है। 6 मार्च को जी5 पर रिलीज फिल्म में गोपाल और अनुसूया नामक एक बुजुर्ग जोड़े की जिंदगी की कहानी दिखाई गई है, जो सालों से साथ निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी में दिखाया गया है कि सब कुछ सेटल लगता है, लेकिन अचानक एक पुराना राज खुलने से उनके रिश्ते में उथल-पुथल मच जाती है। इस दौरान प्यार, लंबे समय का साथ, माफी और एक-दूसरे को फिर से समझने की कोशिश की भावनाएं दिल को छू लेती हैं। कहानी में कॉमेडी के साथ-साथ भावुक पल भी हैं।

अभिनेता सौरभ शुक्ला ने बताया कि फिल्म बढ़ती उम्र में रोमांस और साथ रहने के विषय को खूबसूरती से दिखाती है, जो हिंदी सिनेमा में अभी भी बहुत कम देखने को मिलता है। स्क्रिप्ट लिखते समय कई लोगों ने उनसे पूछा था कि क्या युवा दर्शक बुजुर्ग कपल की कहानी पसंद करेंगे? लेकिन सौरभ को इस पर कभी शक नहीं हुआ। उन्होंने बताया, फिल्म में उम्रदराज कपल बाहर से भले ही बड़े लगें, लेकिन मन से वे जवान हैं। जब कोई भावनात्मक बदलाव आता है, तो उनकी युवा दिनों की भावनाएं फिर जाग उठती हैं। वे बचों की तरह लड़ते हैं, एक्सप्रेस करते हैं और इमोशंस बाहर निकालते हैं। ऐसे में यंगस्टर्स भी इस कहानी के साथ आसानी से जुड़ सकते हैं, क्योंकि यह दो बूढ़े दिखने वाले युवा दिलों की कहानी है। सौरभ ने आगे कहा, सिनेमा में प्यार को यादातर जवानी से जोड़ा जाता है। युवावस्था में प्यार यादा फिजिकल और हार्मोनल होता है, जिसमें एक्साइटमेंट, जल्दबाजी और शारीरिक आकर्षण यादा रहता है। लेकिन प्यार कभी खत्म नहीं होता। हम प्यार करना कभी बंद नहीं करते। प्यार का रूप बदलता रहता है। जब आप सुबह आंखें खोलते हैं और देखते हैं कि दुनिया का सबसे खास इंसान आपके बगल में सो रहा है।

## मोरिंगा ऑयल : प्रदूषण और धूप से खराब स्किन पर असरदार



**बदलती** लाइफस्टाइल, प्रदूषण, धूप, तनाव और गलत खानपान का असर सबसे पहले चेहरे पर दिखाई देता है। झुर्रियां, एज स्पॉट्स, दाग-धब्बे और रूखी त्वचा जैसी परेशानियां अब कम उम्र की भी समस्या बनने लगी हैं। ऐसे में प्राकृतिक उपाय बेहद कारगर हैं, जिनमें मोरिंगा तेल बेहतर विकल्प है। मोरिंगा को आयुर्वेद में शोभांजन कहा जाता है। इसके पत्ते, फल, छाल और खासतौर पर इसके बीज औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। मोरिंगा के सूखे बीजों से निकाला गया तेल बेहद पोषक माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, यह तेल त्वचा के दोषों को संतुलित करता है और शरीर के अंदर और बाहर दोनों स्तरों पर काम करता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड एप्लीकेशंस में प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार, मोरिंगा तेल में ओलिक एसिड, विटामिन ए, सी और ई, फ्लेवोनॉयड्स और पॉलीफेनॉल जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये सभी तत्व मिलकर त्वचा को पोषण देते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-एजिंग, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को भीतर से स्वस्थ बनाते हैं।

एज स्पॉट्स, चेहरे पर पड़ने वाले काले धब्बे, अक्सर फ्री रेडिकल्स, धूप और कोलेजन की कमी के कारण होते हैं। मोरिंगा तेल इस समस्या पर सीधे काम करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं। वहीं, विटामिन सी त्वचा में कोलेजन के निर्माण को बढ़ावा देता है, जिससे त्वचा की इलास्टिसिटी बनी रहती है और धब्बे कम होते हैं।

तेल से हल्के हाथों से मसाज करने से त्वचा की गहराई तक पहुंचकर डार्क स्पॉट्स को हल्का करने में मदद मिलती है।

आयुर्वेद में एज स्पॉट्स को पित्त दोष के असंतुलन से भी जोड़ा जाता है। मोरिंगा तेल में ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो त्वचा की गर्मी को शांत करते हैं और पित्त को संतुलन में लाने में सहायक होते हैं। इससे पिगमेंटेशन से बचाव होता है। नहाने के बाद या रात को सोने से पहले चेहरे पर इसकी कुछ बूंदों से मसाज करने पर त्वचा लंबे समय तक नरम और मुलायम बनी रहती है।

एज स्पॉट्स के अलावा, मोरिंगा तेल त्वचा की कई दूसरी समस्याओं में भी राहत देता है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण मुंहासों, जलन और एलर्जी में मददगार माने जाते हैं। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को बनाए रखता है, जिससे रूखापन और खिंचाव कम होता है। फटे होंठों, बेजान त्वचा और सन डैमेज में भी इसका इस्तेमाल लाभकारी माना जाता है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com